# शिक्षा विभाग में पहले ट्रांसफर, अब संशोधन

## जिन प्रिंसिपल और लेक्चरर को दूरस्थ गांवों में भेजा, वो फिर शहर और आस-पास के गांवों में पदस्थापित

**बीकानेर, (कासं)।** शिक्षा सत्र शुरू हुए तीसरा महीना शुरू हो गया लेकिन शिक्षा विभाग है कि अब तक प्रिंसिपल और लेक्चरर के ट्रांसफर और संशोधन में ही व्यस्त है। पिछले दिनों जिन प्रिंसिपल और लेक्चरर के ट्रांसफर किए गए थे, उनमें सौ से ज्यादा के तबादले या तो निरस्त हो गए, या फिर शहर के निकटस्थ स्कूलों में लगा दिया गया। मजे की बात है कि इनमें अधिकांश संशोधन खुद शिक्षा मंत्री डॉ. बी.डी. कल्ला के गृह जिले में किए गए हैं, जबकि इक्का दुक्का अन्य जिलों के हैं।

प्रारम्भिक और माध्यमिक शिक्षा निदेशालय से जिन अधिकारियों को लंबे जमाव के बाद अन्यत्र स्कूलों में स्थानान्तरित किया गया था, उनमें अधिकांश के ट्रांसफर वापस हो गए हैं। इनमें शिक्षा निदेशालय में सहायक निदेशक रहे अजय गोदारा, डॉ. जगदीश प्रसाद, डॉ. राकेश कुमार, मनीष कस्वां, मृदुला चौधरी, रामचंद्र घिंटाला का ट्रांसफर ग्रामीण विद्यालयों में किया गया था। इनमें रामचंद्र घिंटाला जहां वापस शिक्षा निदेशालय में स्थानान्तरित हो गए हैं, वहीं शेष को बीकानेर शहर के नजदीकी उदयरामसर, गीगासर, नापासर, बदरासर, सेरुणा में पदस्थापित कर दिए गए हैं। वहीं घिंटाला को प्रारम्भिक शिक्षा निदेशालय में पदस्थापित किया गया है। वहीं लेक्चरर में भी भंवर लाल को निदेशालय से रणजीतपुरा भेजा गया था, जिनका तबादला अब सवीदय बस्ती हो गया है। यहां पहले से कार्यरत जगदीश चंद्र टाक का तबादला जालवाली किया गया है। सतपाल गोदारा को स्पोर्ट्स स्कूल से लूणकरनसर भेजा गया, उनका तबादला अब देशनोक हो गया। दुर्गाराम को निदेशालय से कोलायत स्थानान्तरित किया गया। इनका तबादला भी अब नागौर कर दिया गया है। देवीकुंड सागर में कार्यरत लेक्चरर जैसाराम का ट्रांसफर निरस्त हो गया है। इसी तरह प्रियंका का ट्रांसफर देवीकुंड सागर किया था, उन्हें उदासर भेज दिया है।

चौपड़ा स्कूल से लक्ष्मीनारायण का ट्रांसफर कोलायत किया गया था, जिन्हें अब गजनेर भेजा गया है। वहीं ओमप्रकाश सारण का ट्रांसफर भी निरस्त कर दिया है। यहां से शिव कुमार कुम्हार को अब श्रीरामसर स्कूल भेजा गया है। सुजानदेसर से स्थानान्तरित रामकुमार को अब चानी के बजाय पवनपुरी कॉलोनी में स्थानान्तरित किया है। बीकानेर में पिछले एक सप्ताह में आधा दर्जन स्कूल्स में तालेबंदी हो चुकी है। खासकर ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित स्कूल्स में विरोध हो रहा है। यहां से लेक्चरर व टीचर्स के ट्रांसफर शहरी क्षेत्रों में हो गए, उनकी जगह जिनको लगाया गया, वो अब तक आए नहीं है। नतीजतन दो महीने बाद भी पढ़ाई नहीं हो रही है।

# नकली नोट छपाई के तार पंजाब के लुधियाना से जुड़े

## लुधियाना से दूसरा युवक भी गिरफ्तार

**बीकानेर, (कासं)।** जिले में नकली नोट छापने और छपाई के लिए सामग्री तैयार करने के मामले में बीकानेर पुलिस ने पंजाब के लुधियाना से भी एक युवक को गिरफ्तार किया है। दरअसल, छपाई के लिए हाई प्रोफाइल कागज व प्रिंटिंग सामग्री लुधियाना से ही बीकानेर भेजी जा रही थी। पुलिस को उम्मीद है कि नकली नोट छपाई मामले में कुछ और युवकों की भूमिका है। दो महीने में ही ये दूसरा अवसर है जब बीकानेर में बड़ी मात्रा में नकली नोट छापने का खुलासा हुआ है।

जयनारायण व्यास कॉलोनी पुलिस ने बज्जू खालसा के मनोज बिश्नोई को गिरफ्तार किया था। मनोज से 29 हजार 600 रुपए के नकली नोट बरामद किए गए। उससे सख्त पूछताछ के दौरान पता चला कि नोट छापने के लिए हाई प्रोफाइल कागज, सिक्योरिटी थ्रेड की

■ थ्रेड भी असली नोट जैसा ही है

सप्लाई उसे पंजाब के लुधियाना से हो रही है। जिस समय मनोज को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही थी, उसी वक्त लुधियाना के कुलदीप का नाम सामने आया था। स्पेशल टीम के सदस्य मनोज शर्मा सहित कुछ पुलिस कर्मियों ने लुधियाना पहुंचकर कुलदीप को गिरफ्तार कर लिया। अब उसके ठिकानों की छानबीन की जा रही है।

इन नकली नोटों में एक सिक्योरिटी थ्रेड भी लगाया जाता है। इसे देखकर भी बीकानेर पुलिस दंग है। दरअसल, ये थ्रेड भी असली नोट जैसा ही है। आरबीआई की ओर से छपने वाले नोट्स में जो थ्रेड लगती है, ये फर्जी थ्रेड भी कमोबेश एक जैसी है। बताया जा रहा है कि ये थ्रेड भी लुधियाना से ही तैयार होकर आई है। ये भी सामने आया है कि नोट एक साथ छापने के बजाय अलग -अलग जगह छप रहे हैं। कहीं कागज पर महात्मा गांधी का वाटरमार्क लगाया जा रहा है, तो कहीं पर सिक्योरिटी थ्रेड लगाया जा रहा है। इस तरह का कागज उपयोग में लिया जा रहा है कि एक कागज पर चार नोट प्रिंट हो सकें। इन कागजों पर दो सौ और पांच सौ रुपए के नकली नोट छापे जा रहे हैं।

इससे पहले बीकानेर के वृंदावन एनक्लेव और नोखा के गांव में नकली नोट छापने का गिरोह पकड़ा गया था। तब कलर प्रिंट के माध्यम से नोट छापने का पता चला था। तब भी दो सौ और पांच रुपए के नोट ही बरामद किए गए थे। ये राशि करीब 15 लाख रुपए के आसपास थी। अब करीब तीस हजार रुपए के फर्जी नोट मिले हैं जबकि बड़ी संख्या में कागज मिले हैं, जिन पर नोट छपने थे।

# 40 सालों से घर बनाकर रह रहे 50 नट परिवारों को घर छोड़ने का फरमान

## घर खाली नहीं करने पर मकान तोड़ने की धमकी, विरोध में उतरे लोग

**अलवर, (निसं)।** किशनगढ़बास के बंबोरा गांव में करीब 40 साल से रह रहे 50 परिवारों को अचानक सरकारी जमीन पर बने उनके घर खाली करने के फरमान मिलने के बाद उनके सामने मुश्किल आ गई है। इसके विरोध में बुधवार को ब्रजभूमि कल्याण परिषद और घुमंतू विभाग की ओर से आशियाना बचाने और जमीन प्लॉट आवंटित कर मुआवजा देने की मांग को लेकर विवेकानंद चौक से कलेक्ट्रेट तक रैली निकाल ज्ञापन दिया।

ब्रजभूमि कल्याण परिषद जिला अध्यक्ष पंकज गुप्ता ने कहा कि यह सही है कि जिस जमीन पर नट परिवार बसें है वह सरकारी है लेकिन 40 सालों से घर बनाकर रह रहे हैं, वहां पर मंदिर भी बना हुआ है। बोरिंग व सरकारी नल

■ सरकारी नल, बिजली कनेक्शन हैं व राशन कार्ड मौजूद

है। बिजली कनेक्शन व राशन कार्ड बने हैं। पिछले दिनों वहां तारबंदी कर दी गई, कह दिया कि जगह खाली करें, अब यहां स्टेडियम बनेगा। सरकारी कर्मचारी व अधिकारी आकर नट परिवारों को धमकाने में लगे हैं। इन घुमंतू व नट समाज के लोगों को इस तरह बेघर नहीं किया जा सकता। सरकार को पहले इनके रहने का इंतजाम करना होगा। मुआवजा व पट्टा दिया जाए। इनको 57 गज जमीन पाने का हक है।

डॉ. गुप्ता ने अधिकारियों को ज्ञापन देते हुए कहा कि घुमंतू परिवार के लोगों को बसाना पड़ेगा। ये लोग यूं ही सड़कों पर कब तक परेशान रहेंगे। जब एक जगह कई दशक से रह रहे हैं तो इनको वहीं पर प्लाट आवंटित कर देने चाहिए। ताकि ये अपना गुजारा कर सकें।

अब इन परिवारों के घरों को तोड़ने की बराबर धमकी मिलने लगी है। कुछ लोगों से खाली पन्नों पर साइन करवा लिए गए हैं। सामाजिक कार्यकर्ता अश्वनी जावली और ब्रजभूमि कल्याण परिषद के डॉक्टर पंकज गुप्ता ने मामले को संज्ञान में लिया और वहां रह रहे वासियों को विश्वास दिलाया कि क्षेत्र में उन्हें कोई भी दरबदर नहीं कर पाएगा। सरकार ने कोई एक्शन लिया तो बडा आंदोलन करेंगे । इस दौरान लख्मीचंद, रुस्तम सिंह, लाखन सिंह, आजाद सिंह, मदन सिंह, बाबूलाल, सतीश आदि उपस्थित थे।

# सहायक आचार्य हिंदी साक्षात्कार तिथि जारी

**अजमेर, (कासं)।** राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा बुधवार को सहायक आचार्य हिंदी (कॉलेज शिक्षा विभाग) 2020 के पदों की साक्षात्कार तिथि जारी की गई। निर्धारित कार्यक्रमानुसार 19 सितंबर से 30 सितंबर तक साक्षात्कार का आयोजन किया जाएगा।

आयोग सचिव अटल ने कहा कि जिन अभ्यर्थियों ने विस्तृत आवेदन-पत्र आयोग को प्रस्तुत नहीं किए हैं, वे अभ्यर्थी विस्तृत आवेदन-पत्र साक्षात्कार के समय दो प्रतियों में मय समस्त प्रमाण-पत्रों की फोटो प्रतियों सहित आवश्यक रूप से प्रस्तुत करें। विस्तृत आवेदन-पत्र को आयोग की वेबसाइट से डाउनलोड किया जा सकता है। साक्षात्कार में सम्मिलित होने वाले सभी अभ्यर्थी अपने समस्त मूल-प्रमाण पत्र मय फोटो प्रति अवश्य साथ लाएं। इनके अभाव में अभ्यर्थियों को साक्षात्कार से वंचित कर दिया जाएगा। अभ्यर्थियों को राज्य एवं केंद्र सरकार द्वारा जारी कोरोना गाइडलाइन की पालना भी करनी होगी।

# पुलिस ने दो जगह पर अवैध रेता के खिलाफ की कार्रवाई

**धौलपुर, (निस)।** धौलपुर शहर की कोतवाली थाना पुलिस ने मोरोली मोड़ के पास 2 जगह पर अवैध बजरी का स्टॉक जब्त किया है। दोनों जगह पर मिले अवैध चंबल बजरी के स्टॉक को पुलिस ने ट्रॉली में भरवाकर वन विभाग को सौंप दिया है।

कोतवाली, निहालगंज और सदर थाना के साथ ट्रैफिक पुलिस ने मोरोली मोड़ पर पुराने पीएनसी ऑफिस के पास 2 अलग-अलग जगह संयुक्त कार्रवाई की। यहां बजरी का स्टॉक मिलने पर वन विभाग की टीम को मौके पर बुलाया। पुलिस की टीम बजरी के स्टॉक को जब्त कर माफिया को चिह्नित करने में जुट गई है।

कोतवाली थाना प्रभारी अध्यात्म गौतम ने बताया कि एसपी के निर्देश पर सदर थाना प्रभारी देवेंद्र शर्मा और निहालगंज पुलिस की टीम के साथ ट्रैफिक पुलिस को लेकर अवैध बजरी के खिलाफ कार्रवाई की गई। इस दौरान



धौलपुर शहर पुलिस ने मोरोली मोड़ के पास से अवैध बजरी स्टॉक को भरकर वन विभाग को सौंपा।

एक जगह पर पुलिस को 10 ट्रॉली अवैध चंबल बजरी मिली तो दूसरी जगह पर 70 से अधिक ट्रॉली बजरी का स्टॉक मिला। ऐसे में पुलिस ने दोनों जगह पर वन विभाग की टीम को बुला लिया। वहीं बजरी का स्टॉक करने वाले माफिया को चिह्नित किया जा रहा है, जिनके खिलाफ थाने में नामजद मामला दर्ज किया जाएगा।

# चार हजार से अधिक गिद्धों का आश्रय स्थल है गिद्ध संरक्षण क्षेत्र जोहड़बीड

**बीकानेर, (कासं)।** जोहड़ बीड़ राजस्थान का प्रसिद्ध गिद्ध संरक्षण क्षेत्र है। जहां देशी जाति के साथ-साथ विदेशी प्रजातियों के गिद्ध बड़ी संख्या में दिखाई देते हैं । करीब लगभग 226 हैक्टेयर क्षेत्र में फैला यह संरक्षण क्षेत्र गिद्धों का प्राकृतिक आवास है। प्रशासन द्वारा सम्पूर्ण क्षेत्र की सुरक्षा के लिए चारदिवारी एवं चेनलिंक फेसिंग की गई है ।

पिछले लगभग 50 वर्षों से यहां पर निगम ठेकेदार द्वारा मृत पशु खुले में डाले जाते हैं। ठेकेदार मृत पशु की चमड़ी, आंते, चर्बी एवं हड्डियों को निकाल कर सूखने के लिये छोड़ देता है। इस सम्पूर्ण कार्यवाही में समय लगता है। आयुक्त नगर निगम बीकानेर के अनुसार लम्पी से मृत पशुओं को सुजानदेसर, करमीसर एवं नाल क्षेत्र में समुचित दफनाया जा रहा है।

■ यहां पर 8 प्रजाति के गिद्ध रिर्पोटेड हैं तथा कुछ गिद्ध यहां के अब रेजिडेंट हो गये हैं

जोहड़बीड़ में गैर लम्पी मृत पशु डाले जा रहे हैं। जहां यह एक माह तक खुले में रहते हैं ताकि इनके अवशेषों को गिद्ध व रेप्टर्स खा सकें और हड्डियां सूख कर उपयोग में लेने लायक हो सके। इस क्षेत्र में काफी संख्या में कुत्ते भी मौजूद हैं। ये भी इन मृत पशुओं को खाते हैं। यहां पर 8 प्रजाति के गिद्ध रिर्पोटेड हैं तथा कुछ गिद्ध यहां के अब रेजिडेंट हो गये हैं। वर्तमान में यहा पर लगभग 4000 गिद्ध सम्पूर्ण क्षेत्र में मौजूद है। गिद्धों प्रकृति का सफाई कर्मी माना गया हैं।

# टायर फटा, टैम्पों पलटने से आठ घायल

**सुजानगढ़, (निसं)।** सुजानगढ-सालासर सडक मार्ग पर मींगणा के पास टायर फटने से लोडिंग टैम्पो पलट गया, जिससे उसमें सवार दो बच्चों सहित आठ जने घायल हो गए।

जानकारी के अनुसार रूणिचा लोक देवता बाबा रामदेव के दर्शन कर

■ सुजानगढ-सालासर सडक मार्ग पर मींगणा के पास घटी घटना, हादसे में दो बच्चे भी घायल हो गए

हिसार लौटते समय हादसा होने से हिसार के नंगथला निवासी राजबाला पत्नी रामसिंह, संतोष पत्नी खेताराम, बाला पत्नी गुलाब, सुमन पत्नी कालूराम, महेंद्रा देवी पत्नी महावीर, कमल पुत्र ओमप्रकाश, हर्ष पुत्र खेताराम, कृष्ण पुत्र रामावतार सभी जाति सुथार घायल हो गए। जिन्हे टीम हारे का सहारा के संयोजक श्याम स्वर्णकार ने राजकीय बगडिया उप जिला अस्पताल पंहूचाया। जहां पर चिकित्सकों ने घायलों का उपचार किया।

# नावां में भाजपा नेता व व्यवसायी जयपाल पूनिया हत्याकांड की सीबीआई जांच की मांग को लेकर धरना-प्रदर्शन

## प्रदर्शन में भाजपा प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सतीश पूनियां शामिल हुए

**जयपुर, (कासं)।** नागौर के नावां में भाजपा नेता व व्यवसायी जयपाल पूनिया हत्याकांड की सीबीआई जांच को लेकर धरना-प्रदर्शन में भाजपा प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सतीश पूनियां शामिल हुये । डॉ. पूनियां ने धरना प्रदर्शन को संबोधित करते हुए कहा कि, राजस्थान में रोज औसतन 07 हत्या होती हैं, 18 दुष्कर्म, अब तक 7 लाख मुकदमे राजस्थान की धरती पर दर्ज हो गए। जब तक जमीन में गर्मी पैदा नहीं करोगे तक तक जयपाल पूनिया जैसे लोगों को न्याय नहीं मिलेगा। उन्होंने कहा कि कई बार राख जब चिंगारी बनती है तो उसमें सत्ता का तानाशाही सिंहासन भी जल कर राख हो जाता है।

पूनिया ने कहा कि मैं आपको भरोसे के साथ कह सकता हूं कि हरीश का पसीना इस सरकार के ताबूत में अंतिम कील साबित होगा, इस शुरूआत में आगाज का अंजाम भाजपा का कार्यकर्ता लिखेगा । पूनिया ने कहा कि पूछता हूँ कि कि राजस्थान का गृहमंत्री मौन क्यों है, मौन इसलिए है वो जयपाल सरीखे कितने ही लोगों की हत्या का जिम्मेदार है, जन सुरक्षा देने में पूरी तरह विफल हैं। जिन किसानों की कर्जामाफी का वादा किया था, ऐसे 60 लाख किसान, 1 लाख 20 हजार करोड का कर्जामाफी का इंतजार कर रहे हैं। जयपाल को तो बदमाशों ने मारा लेकिन श्रीगंगानगर के रायसिंहनगर में ठाकरी गांव का सोहनलाल कडेल जिसने आत्महत्या करते हुए लाइव वीडियो जारी कर कहा कांग्रेस सरकार के छलावे के कारण आत्महत्या कर रहा हूं, जिसके जिम्मेदार राजस्थान के मुख्यमंत्री हैं।

राजस्थान के 9 हजार किसान जिनकी जमीनें नीलाम हो गई, दर्जनों किसानों ने आत्महत्या कर ली। एम्बुलेंस के बाहर एक पीड़िता रोटी मांग रही थी, रोटी नहीं मिली और उसकी अस्मत लूट ली गई। नावां के जयपाल की दिनदहाडे हत्य साबित करती है कि अपराधियों को पूरा भरोसा है और आम जनता इतनी भयभीत है कि किसी पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए घर से बाहर निकलने में भी डर है। करौली से लेकर जोधपुर तक लगातार एक सिलसिला है, जिसमें वोट बैंक की, तुष्टिकरण की राजनीति के नाम पर इस प्रदेश के बहुसंख्यकों के हितों की अनदेखी व उन पर चोट करने की अनदेखी हुई है। नावां की इस घटना के बारे में पहला फोन पूर्व केंद्रीय मंत्री सीआर चौधरी ने मुझे किया, विधायक नारायण बेनीवाल व भाजपा के सभी

■ 'जब तक जमीन में गर्मी पैदा नहीं करोगे तक तक जयपाल पूनिया जैसे लोगों को न्याय नहीं मिलेगा'

■ राजस्थान के गृहमंत्री मौन, वे जयपाल सरीखे कितने ही लोगों की हत्या के जिम्मेदार : डॉ. पूनियां

कार्यकर्ता जनता की आवाज बनकर यहां मौजूद हैं।

जनता के हक की लड़ाई एक विचार के लोग जब धरातल पर मजबूती से लड़ते हैं तो सत्ता के पाये हिलते हैं। विधायक रूपाराम, मानसिंह व गजेन्द्र सहित तमाम लोग मजबूती से बैठे हैं । भाई जयपाल को न्याय दिलाने का संकल्प है और अगर 24 घंटे में अपराधी नहीं पकडे गए तो नावां से तो आगाज हुआ है, राजस्थान की जनता इसको अंजाम में बदलेगी और इस अन्याय का बदला लेगी। पूनिया ने कहा कि राजस्थान में अस्पताल बीमार हो गए , स्कूल लाचार हो गए।

पिछले तीन साल में राजस्थान की जनता के साथ बड़ा अन्याय हुआ है। झालावाड़ का कृष्णा बाल्मीकि भी न्याय मांगता है, अलवर का हरीश जाटव भी न्याय मांगता है, एक लंबी फेहरिस्त है जिनको भीड़ में मार दिया, जो बदमाशों की गोलियों का शिकार हो गए ।। एक विधायक के पुत्र पर जब गैंगरेप का आरोप लगता है तो सरकार की नीयत देखो उस विधायक के दबाव में मुख्यमंत्री के इशारे पर 300 साल पुराना भगवान शिव मंदिर तोड़ दिया जाता है। पूनिया ने कहा कि मैं 90 से राजनीति में हूं, राजस्थान में इस तरह की अराजक, भ्रष्ट, नकारा, निक्कमी सरकार नहीं देखी। जिस प्रकार रीट में चीट हुई, इनके मंत्री व नेता एक्सपोज हो गए जनता की अदालत में । कैसे पर्चा लीक हुआ, 1 हजार करोड़ से भी ज्यादा का लेन देन हुआ, रीट पेपर लीक मामले की सीबीआई जांच हो जाए तो सरकार में बैठे बड़े लोग भी जेल जाएंगे।

जब किसान व नौजवान उठ खड़ा होगा, उस दिन इस कांग्रेस सरकार का वो आखिरी दिन होगा और वह आखिरी दिन 2023 में होगा। भाजपा जयपाल के परिवार को न्याय दिलाने के लिए पूरी मजबूती के साथ खड़ी है, अंतिम घड़ी तक साथ है।

# जनता सेना नेता ताहेरअली का निधन

**भीण्डर, (निसं)।** भीण्डर नगर पालिका के पूर्व पार्षद एवं जनता सेना के वरिष्ठ नेता ताहेरअली बोहरा का बुधवार को बीमारी के चलते अहमदाबाद के निजी चिकित्सालय में निधन हो गया। उनके निधन की खबर सूनने के बाद जनता सेना, बोहरा समाज सहित पूरे नगर में शोक की लहर छा गई। बोहरा के निधन पर जनता सेना संरक्षक व पूर्व विधायक रणधीर सिंह भीण्डर ने भी उनके साथ जुडी यादों को साझा करते हुए शोक व्यक्त किया।

भीण्डर निवासी ताहेरअली बोहरा कुछ समय पहले बीमार हो गये थे, जिस पर इलाज के लिए अहमदाबाद ले जाया गया। वहां पिछले 28 दिनों से एक निजी चिकित्सालय में इलाज जारी था लेकिन कोई सुधार नहीं हो रहा था। बुधवार रात्रि को तबीयत ज्यादा खराब हुई और निधन हो गया। जिसके बाद परिजन उनका शव लेकर भीण्डर पहुंचे और बुधवार सुबह भीण्डर में बोहरा समाज के कब्रिस्तान में सुपुर्द ए खाक किया गया। ताहेरअली अपने पीछे परिवार में पत्नी, दो पुत्र, एक पुत्री को छोड करके गये। रणधीरसिंह भीण्डर, पूर्व विधायक वल्लभनगर ने शोक जताते हुए कहा कि मुझे और मेरे परिवार को उनकी मौत का बहुत दुख है।

# खैरथल में पहाड़ी वाले हनुमान जी के मेले में डेढ़ सौ कुश्तियां हुई

## प्रमुख कामड़ा कुश्ती 31 हजार रूपये की हुई

**खैरथल, (निसं)।** पहाड़ी पर स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर में वार्षिक मेले में आस्था का जनसैलाब उमड़ा । मेले में मल्लयुद्ध में राजस्थान सहित हरियाणा और यूपी दिल्ली के जाने-माने अखाड़ों से पहलवानों ने ज़ोर आजमाइश की।

मेले में क्षेत्रीय विधायक दीपचंद खैरिया मुख्य अतिथि रहे। मेला कमेटी अध्यक्ष लालचंद रोघा ने बताया कि हनुमान मंदिर के महंत भजंगिरी, दिगम्बर किशनगिरि, महंत केशवगिरी एवं संत रामदास पुजारी के सानिध्य में पूजा अर्चना, भजन कीर्तन एवं कुश्ती दंगल हुए । प्रातः 9 बजे हवन यज्ञ में आहुतियों के साथ शुरू हुआ मेला देर रात तक पूरी रंगत में रहा । थानाधिकारी भगवान सहाय शर्मा के नेतृत्व में व्यापक सुरक्षा व्यवस्था की गई थी।

मेला कमेटी अध्यक्ष लालचंद रोघा ने बताया कि कुश्ती दंगल में छोटी - बड़ी कुल 151 कुश्तियों का अयोजन



कुश्ती दंगल में पहलवानों के हाथ मिलवाकर शुभारंभ करते विधायक दीपचंद खैरिया एवं अतिथि।

किया गया। जिसमें मुख्य कामडा कुश्ती 31 हजार रुपये का थी। अतिथि विधायक दीपचंद खेरिया, पूज्य सिन्धी पंचायत अलवर जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश रोघा, डीसीसी उपाध्यक्ष गिरीश डाटा, आदि ने व्यवस्थओं को बनाये रखा। इस मौके पर खैरथल कस्बे सहित आस-पास के सैकड़ों लोगों ने मेले में सैकड़ों की संख्या में दुकानें भी लगी।

# कार की चपेट से दो युवकों की मौत

**नदबई, (निस)।** आगरा जयपुर हाईवे पर देर रात विनऊआ मोड़ समीप कार की चपेट से सड़क किनारें खड़े दो युवक की मौत हो गई। जबकि, तीन अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर लखनपुर थाना पुलिस ने मौके पर पहुंच घायलों को जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया। जबकि, मृतक युवकों के शव को जिला चिकित्सालय के मुर्दाघर में रखवाया।

बाद में बुधवार सुबह पुलिस ने दोनों शव का पोस्टमार्टम कराया। पुलिस सूत्रों के अनुसार गांधी नगर जिला सादरा दिल्ली निवासी वीरेन्द्र महतो पुत्र भोला अपने साथियों के साथ निजी गाडी में बालाजी से दर्शन कर लौट रहा था । देर रात कार चालक को यात्रा से थकान होने पर युवक राष्ट्रीय राजमार्ग पर विनऊआ मोड के समीप कार से उतरकर सड़क के किनारे खड़े होकर आराम करने लगे। इसी दौरान तेज गति से दूसरी कार ने सड़क किनारे खड़े युवकों में टक्कर मार दी। जिसके चलते वीरेन्द्र महतो व सुनील कुमार पुत्र किसून सूरी की मौके पर मौत हो गई। जबकि, संजय मेहता पुत्र शिवाजी मेहता, राजेश कुमार पुत्र रवि माथुर व रणधीर महासेठ पुत्र किशोरी महासेठ गंभीर रूप से घायल हो गए।

# धनखड़ के फार्म हाऊस के पास लगाया बड़ा पांडाल

**चिड़ावा, (निसं)।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ पद संभालने के बाद पहली बार अपने गांव किठाना आ रहे हैं । इसे लेकर ग्रामीणों में काफी उत्साह देखने को मिल रहा है। गांव में धनखड के फ़ार्म हाऊस में जहां प्रत्येक व्यवस्था की जानकारी जगदीप धनखड के भाई रणदीप ले रहे हैं। उन्होंने एडीएम जगदीश प्रसाद गौड़ को फ़ार्म हाऊस पर वी आई पी मूवमेंट की जानकारी दी। वहीं फ़ार्म हाऊस के बिल्कुल पास ही बडा पांडाल लगाया गया है। जिसमें करीब 500 लोगों के बैठने की व्यवस्था की गई है। यहीं पर धनखड का नागरिक अभिनंदन किया जाएगा और धनखड़ यहां लोगों को सम्बोधित भी करेंगे। धनखड़ का दोपहर का भोजन भी फ़ार्म हाऊस पर ही होगा।

ऐसे में धनखड़ के फ़ार्म हाऊस की विशेष सुरक्षा रहेगी। बिना पास किसी भी कार्यक्रम में किसी भी व्यक्ति को प्रवेश नहीं दिया जाएगा। इधर धनखड गांव आने के बाद सबसे पहले जोड़िया बालाजी और ठाकुर जी के प्राचीन मंदिर भी जाएंगे। दोनों स्थानों पर कंट्रोल रूम बनाए गए हैं। अलग-अलग अधिकारियों की ड्यूटी सभी मूवमेंट पॉइंट्स पर लगाई गई है। जोड़िया

■ पुलिस के जवान हर 100 कदम की दूरी पर तैनात रहेंगे

बालाजी मंदिर परिसर में मंदिर परिसर में बंदरवार व फर्रिया लगवाकर विशेष सजावट की गई है। उपराष्ट्रपति की एस्कोर्ट गाड़ियों ने आज दिनभर सभी स्थलों तक गाड़ियों के साथ पूर्वाभ्यास किया। हैलीपेड स्थल के आस-पास इलाके पर वायुसेना विशेष निगरानी रखेंगी। ऊंचाई वाले स्थानों पर झंडे लगाए गए हैं। वहीं अस्पताल की बिल्डिंग पर वायुसेना का विशेष निगरानी दस्ता तैनात रहेगा।

पुलिस के जवान हर 100 कदम की दूरी पर तैनात रहेंगे। उपराष्ट्रपति की बचपन से ही जोड़िया बालाजी में विशेष आस्था रही है। वे हमेशा गांव आते है तो बालाजी मंदिर में अवश्य आ जाते है। इधर धनखड़ ठाकुर जी के मंदिर जाएंगे। इस मंदिर में भी केवल पुजारी ही मौजूद रहेंगे और यहां भी प्रशासन का पुख्ता जबता तैनात रहेगा। धनखड़ दोपहर में सालासर और खाटू के लिए रवाना होंगे। ऐसे में गांव में सभी व्यवस्थाएं चाक-चौबंद हैं।